स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 16.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई प्रशासन के द्वारा सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल का वितरण किया जाता है ताकि आम नागरिकों को पेयजल हेतु परेशानियों का सामना न करना पड़े किन्तु यह देखने में आ रहा है कि सार्वजनिक नल से लोग अवैध रुप से टुल्लू पम्प लगाकर पानी खिचतें हैं जिससे कि पेयजल वितरण में बाधा पहुंचती है निगम प्रशासन द्वारा समय–समय पर जांच कर कार्यवाही भी किया जाता है तथा पम्प से पानी को खिचने से रोकने के लिए पानी सप्लाई के समय पर विद्युत अवरोध किया जा रहा है ताकि पेयजल की बर्बादी रोका जा सके।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने सभी जोन के आयुक्तों एवं पेयजल व्यवस्था से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत वार्डों का नियमित रुप से भ्रमण कर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण करें ताकि इस भीषण गर्मी में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की कमी से परेशानियों का सामना न करना पड़े जो लोग अवैध रुप से नल कनेक्शन तथा टुल्लू पम्प के माध्यम से पानी ले रहें हैं ऐसे लोगों पर मौके पर ही कार्यवाही सुनिश्चित करें। शुद्ध पेयजल आम नागरिकों तक पहुंचाना निगम प्रशासन का दायित्व है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों पर सीधी कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए सार्वजनिक नल के खुली टोटी को बंद करें, बागवानी तथा गाड़ी धुलाई जैसे कार्य पाईप से न करें, व्यर्थ में पानी न बहायें, पानी के महत्व को समझते हुए पानी बचायें, ताकि शुद्ध पेयजल सभी को मिल सके तथा अवैध रुप से टुल्लू पम्प लगाकर पानी लेने वालों की भी शिकायत संबंधित जोन कार्यालय में अवश्य करें ताकि ऐसे लोगों पर सक्ती से कार्यवाही की जा सके।

जन सम्पर्क अधिकारी